लोक सभा अध्यक्ष ने संसद के मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की

लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से सदन की गरिमा का सम्मान करने की अपील की

लोक सभा लोगों की सामूहिक इच्छा और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है: श्री बिरला

सभी सदस्यों को सदन की मर्यादा और नियमों के तहत अपने विचार व्यक्त करने का पर्याप्त अवसर दिया जाएगा: लोक सभा अध्यक्ष

छोटे दलों और एक सदस्य वाले दलों को सदन में पर्याप्त समय दिया जाएगा: श्री ओम बिरला

एक ऐसा ऐप विकसित किया जा रहा है जो सभी संसदीय मामलों के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन होगा : श्री बिरला

नई दिल्ली, 18 जुलाई, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने संसद के मानसून सत्र, 2021 से एक दिन पहले संसदीय ज्ञानपीठ में एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की।

श्री बिरला ने नेताओं को बताया कि सत्र के दौरान सदस्यों, अधिकारियों और मीडिया की सुरक्षा के लिए कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

नेताओं को यह आश्वासन देते हुए कि उन्हें जनहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए पर्याप्त अवसर दिए जाएंगे, श्री बिरला ने उनसे सदन के सुचारू संचालन में सहयोग देने की अपील की। पिछले पांच सत्रों के दौरान नेताओं के समर्थन के लिए उनकी सराहना करते हुए, श्री बिरला ने उनसे मानसून सत्र के दौरान भी सहयोग जारी रखने की अपील की। राजनीतिक दलों के नेताओं ने अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि वे सदन के सुचारू संचालन में पूरा सहयोग देंगे।

श्री बिरला ने यह भी बताया कि एक ऐप विकसित किया जा रहा है जो सभी संसदीय मामलों के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन होगा।

बाद में, मीडिया से बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने लोक सभा में दलों के नेताओं से सदन की गरिमा का सम्मान करने और सदन की कार्यवाही के सुचारू संचालन में सहयोग करने का अनुरोध किया है। श्री

बिरला ने यह भी कहा कि सभा देश की सामूहिक इच्छाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है और सदस्यों की यह जिम्मेदारी है कि वे सभा की मर्यादा और नियमों के तहत उन लोगों की आवाज़ उठाएँ जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं। श्री बिरला ने कहा कि सदन सभी सदस्यों का है और वह सभी सदस्यों को कार्यवाही में भाग लेने के अवसर देंगे और विशेषतः छोटे दलों और एक सदस्य वाले दलों के सदस्यों को पर्याप्त अवसर देंगे ताकि जनहित के अधिक से अधिक मुद्दों पर चर्चा की जा सके।

संसद का मानसून सत्र, 2021, जो सत्रहवीं लोकसभा का छठा सत्र है, 19 जुलाई, 2021 से शुरू होगा और सरकारी कामकाज की अत्यावश्यकताओं के अध्यधीन, सत्र के 13 अगस्त, 2021 को समाप्त होने की संभावना है।